
# केस स्टडी-15/2025

SPAD

जारी तिथि : 15.04.2025

**घटनाक्रम:** दिनांक 06.04.2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के बिलासपुर मण्डल में ट्रेन नं.: 68706 (MEMU), यूनिट नं.: 68027+68029/BIA, लोड: 8 कोच (430 T), मेमू 12.18 बजे RJN (राजनांदगांव) से रवाना हुई। अगले स्टेशन PMS (पर्मल्कासा) यार्ड में 12.15 से 12.25 बजे तक प्वाइंट नं. 32 A & B हेतु S&T को ब्लॉक दिया गया था। लेकिन S&T ब्लॉक के रद्द होने से पहले, ट्रेन नंबर 68706 के कर्मीदल ने 12.23 बजे गति 45 Kmph से होम सिग्नल को **"ऑन"** स्थिति में पार कर, 150 मीटर बाद खड़ी किया। तत्पश्चात निर्देशानुसार ट्रेन को साईट से पायलट करके 13.37 बजे लाइन नंबर 4 पर लिया गया और नए चालक दल के साथ 14.33 बजे दुर्ग के लिए रवाना की गई।




## संभावित कारण :

- A-342 "एक पीला" देखने के बाद भी LP द्वारा समय पर ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल रहना
- लोको पायलट को "एक पीला" सिग्नल दिखने पर भी गाड़ी की गति को 70 Kmph रखना।
- कर्मीदल द्वारा होम सिग्नल के संकेत लाल है, ये देखने में विफल रहना।
- A-342 एक पीला दिखने पर भी ALP द्वारा समय पर RS वाल्व का न खोलना।

## उपरोक्त घटना से सबक :-

- ✓ लोको पायलट को "एक पीला" सिग्नल दिखने पर अपनी गाड़ी की गति को नियमानुसार रखें।
- ✓ कार्य के दौरान गाड़ी कण्ट्रोल करने में अति आत्मविश्वास ही SPAD का कारण बनता है।
- ✓ LP/ALP को हाथों के इशारों से ज़ोर से सिग्नल के संकेतों को पुकारना चाहिए, जैसे हरा संकेत-1 बार, डबल पीला-2 बार, एक पीला-3 बार व लाल-4 बार।
- ✓ रोड लर्निंग सही तरीके से लें व अपनी लाइन के सिग्नलो के लोकेशन के प्रति जागरूक रहें।
- ✓ गाड़ी संचलन के दौरान अन्य किसी कार्य में व्यस्त न हो एवं पूरा ध्यान सिग्नल संकेत पर रखें।
- ✓ एक पीला सिग्नल पार करते समय अगला सिग्नल लाल है, यह मानकर सिग्नल पर रुकने के लिए तैयार रहना चाहिए।




(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इस काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।